Governmentof India
Ministry of Drinking Water & Sanitation

Subject: Monthly summary for the month of September, 2018 in respect of Ministry of Drinking Water and Sanitation

Mahatma Gandhi International Sanitation Convention (MGISC)

To mark the beginning of the 150th birth anniversary celebrations of Mahatma Gandhi, which also coincided with the fourth anniversary of the launch of Swachh Bharat Mission, the Ministry of Drinking Water and Sanitation organized Mahatma Gandhi International Sanitation Convention (MGISC) from 29th September to 2nd October 2018 at New Delhi.

The 4-day international conference, MGISC, brought together over 160 international participants including 56 Sanitation Ministers and other leaders in WASH (water, sanitation and hygiene) from 70 countries. The Convention facilitated the sharing of success stories and lessons in the field of sanitation from the participating countries and global development organizations. The Convention was inaugurated by the President of India and addressed by the Vice President of India and various cabinet ministers including the Finance Minister and External Affairs Minister. It included enriching plenary and technical sessions, and a technical exhibition showing sanitation innovations. On the second day of the convention, 30 September 2018, Over 110 international participants were taken to Gujarat for 'Gandhi Trail', a field visit during which they visited locations of importance to Mahatma Gandhi's life. MGISC also marked the culmination of Swachhata Hi Seva, a j an andalon, as a part of which several mass mobilisation events and campaigns were organized across the country.

MGISC culminated on 2 October 2018, Gandhi Jayanti, which is also celebrated as the Swachh Bharat Diwas. The Prime Minister of India was the chief guest in the event attend by the United Nations Secretary General, Cabinet Ministers and more than 50 ministers from other countries and over 500 distinguished guests. At the Rashtrapati Bhavan Cultural Complex, a digital exhibition and the 'bandicoot robot' or a robot designed to clean manhole and facilitate the eradication of manual scavenging. Swachh Bharat Diwas also witnessed the launch of 150th Commemorative Postage Stamps of Mahatma Gandhi and the iconic Vaishnav Jan Medley in addition to the release of the `Delhi Declaration'. A Delhi Declaration on sanitation signed by the visiting Ministers/representatives from across the world, UNSG and the PM was also released. National level awards were given to Mata Amritanandmayi for her contribution to Swachh Bharat Kosh, Swachh Bharat Summer Internship, Swachh Survekshan Gramin, best post card winning students by the Hon'ble PM. Short films on MGISC and SHS were also launched during the event.

Swachhata Hi Seva

Prime Minister announced the start of "Swachhata Hi Seva" (SHS) campaign on 15 Sept 2018. He interacted with more than 15 locations and 2,15,985 Community Service Centers (CSC). Later on, he participated in swachhata shramdaan at Baba Sahib Ambedkar Higher Secondary School in Paharganj, New Delhi. The initiative also celebrated the completion of 4 years of Swachh Bharat Mission.The fortnightly campaign focused on-

- Re-energizing the Swachh Bharat Jan Andolan
- Accelerating the SBM progress in final stages
- Reinforcing the concept of ***'Sanitation as Everyone's Business'***
- Wider and larger citizens mobilization

Aiming at facilitating a jan-andolan for Swachhata, numerous organizations and people from various walks of life participated in the campaign. The fortnight campaign witnessed robust participation from top level political leaderships, schools, swachhagrahis, railways, corporate, so on and so forth. To mobilize the masses, the Prime Minister wrote personalized letter to around 2000 citizens from different walks of life inviting them to join the `Swachhata Hi Seva Movement' and strengthen the commitment towards Swachh Bharat Mission. The date wise major activities undertaken during the forthnight are as follows:

- **15th September**

    - Apart from the interaction by the Prime Minister and his shramdaan, the day also witnessed participation from school students from across the country. More than two crore students wrote personal letters to the Prime Minister; 11.82 crore students took the Swachhata pledge in the country. The Prime Minister interacted with numerous people from across the country including Uttar Pradesh Chief Minister, Shri Yogi Adityanath, personalities like Shri Amitabh Bachchan and Shri Ratan Tata, Spiritual leaders like Shri Sadhguru Jaggi Vasudev, Sri Sri Ravi Shankar, and Mata Amritanandamayi, Brahma Kumaris, religious leaders of Ajmer Sharif Dargah and Patna Sahib Gurudwara, Indo-Tibetan Border Police personnel and citizens from Assam, Kerala, Tamil Nadu, Bihar, Karnataka, Rajasthan and Haryana.
    - The Union Ministers participated in the shramdaan were:
        - Union Minister, Sushree Uma Bharati cleaned streets of Rudraprayag.
        - Union Home Minister, Shri Rajnath Singh did shramdaan at Faridabad.
        - Union Ministers - Shri Dharmendra Pradhan, Shri Ravi Shankar Prasad, Shri Piyush Goyal, Smt Maneka Gandhi, Smt Smriti Jubin Irani, Shri JP Nadda, Shri Rao Inderjeet Singh, Dr. Mahesh Sharma, Shri Anant Gati, Shri Prakash Javdekar, Shri Narendra Singh Tomar and 40 other Union Ministers led shramdaan activities at various places.

- **16 September**

    - Special Gram Sabhas were organized in the villages to monitor the status of cleanliness in their gram panchayats and focus was on formulation of an action plan. Mass Mobilization of Self-Help Groups was also undertaken for creating awareness

- **17 September**

    - Seva Diwas marked the commitment of political leadership and government employees, wherein numerous swachhata-related activities were led by

Ministers- Union and state ministries, central and state government employees. 38 Ministers undertook shramdaan on 17th September and 5 Ministers undertook shramdaan, from 18th September to 2nd October.

- **22 September**
  - On the occasion, a mass awareness campaign on cleanliness was launched for passengers traveling aboard Indian Railways to avoiding littering on trains and station platforms. All railway employees along with their families and personnel in all railway stations, colonies and surrounding areas were encouraged to participate in the campaign.

- **25 September**
  - In the spirit of Antyodaya, all States and districts were directed to undertake special exercises for including the most vulnerable sections of the society to provide them access to improved sanitation under the Swachh Bharat Mission. On the day, **Swachhagrahiyon ke Swachhagrahi,** each swachhagrahi was instructed to create an army of own swachhagrahis and each team would work on ODF and ODF+ activities in their villages, depending on the ODF status of their villages.
  - SHS 2018 culminated on October 2, 2018. More than 20 crore people participated in this year's "Swachchhata Hi Seva" campaign.
  - "Antyodaya Diwas" event organized wherein around 40 lakh peoples were mobilized and 44 thousand new Swachchagrahis engaged during the campaign.

Workshop on Solid and Liquid Waste Management

A Consultative Workshop on Solid and Liquid Waste Management in Ganga Villages and Census Towns was organized from 5-6 September 2018 in Gangtok, Sikkim. The workshop was inaugurated by the Minister in charge of Sanitation, Government of Sikkim and attended by Principal Secretaries in charge of sanitation, Mission Directors (SBM-G) and State Consultants. The workshop emphasized on the need for better implementation of Solid and Liquid Waste Management systems in Census Towns and villages situated on the banks of the Ganga.

A meeting was conducted with Board of Governers of the International Center for Drinking Water and Quality on 28 September 2018. Among other issues, the agenda of the meeting also included name change of the institute to National Centre for Drinking Water, Sanitation and Quality and the other agenda point was to process facilitation of loan from NABARD.

A meeting was also held on 19th September 2018 to finalize sectoral recommendations towards the 15th Finance commission.

Review of the progress of Swachh Bharat Mission was conducted through video conferences and field visits. These are as follows:

- 5 September 2018 (Gangtok, Sikkim): National Workshop on Solid and Liquid Waste Management

- 16 September 2018 (Dehradun, Uttarakhand): Review of Swachh Bharat Mission Grameen with Minister for Drinking Water and Sanitation
- 21 September 2018 (Lucknow, Uttar Pradesh): Review of Swachh Bharat Mission in Uttar Pradesh with the Chief Minister
- 27 September 2018 (Ranchi, Jharkhand): Launch of Swachhta Hi Sewa by the Hon'ble Vice President of India

भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

विषय: पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के संबंध में सितम्बर, 2018 माह का मासिक सारांश।

<u>महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन (एमजीआईएससी)</u>

महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती समारोह का आरंभ करने के लिए जो संयोगवश स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की चौथी वर्षगांठ भी है, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने नई दिल्ली में 29 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2018 तक महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छता सम्मेलन (एमजीआईएससी) का आयोजन किया।

इस 4 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 70 देशों के 56 स्वच्छता मंत्रियों और वाश (WASH) (जल, स्वच्छता एवं हाइजिन) के अन्य नेताओं सहित 160 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय भागीदार एक साथ एकत्रित हुए। इस सम्मेलन में प्रतिभागी देशों और वैश्विक विकस संगठनों ने स्वच्छता के क्षेत्र में सफलता की गाथाओं और सबक को साझा किया। भारत के राष्ट्रपति ने इस सम्मेलन का उद्घाटन किया, वित्त मंत्री और विदेश मंत्री सहित भारत के उपराष्ट्रपति और विभिन्न मंत्रियों ने सम्बोधित किया। इसमें ज्ञान बढ़ाने वाले पूर्ण एवं तकनीकी सत्र शामिल थे और एक तकनीकी प्रदर्शनी भी थी जिसमें स्वच्छता नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन, दिनांक 30 सितम्बर, 2018 को 110 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों को 'गांधी यात्रा' के लिए गुजरात ले जाया गया, यह एक क्षेत्र दौरा था जिसमें उन लोगों ने महात्मा गांधी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को देखा। एमजीआईएससी में "स्वच्छता ही सेवा" का एक जन आंदोलन के रूप में चरमोत्कर्ष भी देखा गया जिसके हिस्से के रूप में, देश भर में कई जन सक्रियता कार्यक्रम और अभियान आयोजन किए गए।

एमजीआईएससी का समापन 2 अक्टूबर, 2018 का गांधी जयन्ती को हुआ जो स्वच्छ भारत दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधानमंत्री मुख्य अतिथि थे जिसमें संयुक्त राष्ट्र के महासचिव, केन्द्रीय मंत्री और अन्य देशों के 50 से अधिक मंत्री और 500 से अधिक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। राष्ट्रपति भवन के संस्कृतिक परिसर में एक डिजिटल प्रदर्शनी आयोजित की गई और 'बैंडीकूट रोबोट' अथवा मेनहोल का साफ करने और हाथ से सफाई के उन्मूलन को सुविधाजनक बनाने के लिए, एक रोबोट का प्रदर्शन किया गया। स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर 'दिल्ली घोषणा' जारी करने के

अलावा महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती एवं प्रसिद्ध वैष्णव जन मेडली के स्मरण में डाकटिकट जारी किए गए। एक 'दिल्ली घोषणा' जारी की गई जिस पर विश्व भर के मंत्रियों/प्रतिनिधियों, यूएनएसजी और प्रधानमंत्री ने हस्ताक्षर किए। माता अमृतानंदमयी को स्वच्छ भारत कोष में उनके योगदान के लिए राष्ट्र स्तरीय पुरस्कार दिए गए। स्वच्छ भारत ग्रीष्म इंटर्नशिप, स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण, सर्वोत्तम पोस्टकार्ड विजेता विद्धार्थियों को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान एमजीआईएससी और एसएचएस पर लघु फिल्म भी आरंभ की गई।

<u>स्वच्छता ही सेवा</u>

प्रधानमंत्री ने 15 सितंबर 2018 को ''स्वच्छता ही सेवा'' (एसएचएस) की शुरूआत की घोषणा की। उन्होंने 15 से ज्यादा लोकेशनों और 2,15,985 समुदायिक सेवा केन्द्रों (सीएससी) के साथ वार्ता की। बाद में, उन्होंने पहाडगंज नई दिल्ली के बाबा साहिब अंबेडकर उच्चतर माध्यमिक स्कूल में स्वच्छता श्रमदान में भाग लिया। इस पहल में स्वच्छ भारत मिशन के 4 वर्ष पूरे होने का उत्सव भी मनाया गया। इस पखवाड़े के अभियान में निम्नलिखित पर बल दिया गया:-

- स्वच्छ भारत जन आंदोलन को पुन: उर्जावान बनाना
- अंतिम स्तर पर पहुंच चुकी एसबीएम प्रगति में तेजी लाना
- **'स्वच्छता सभी का कार्य'** की संकल्पना को पुन: बल देना
- नागरिकों को व्यापक रूप से बड़ी संख्या में सक्रिय बनाना

स्वच्छता हेतु जनांदोलन को सुसाध्य बनाने के उद्देश्य से, इस अभियान में विभिन्न संगठनों और सभी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इस पखवाड़ा अभियान में शीर्ष स्तरीय राजनैतिक नेताओं, विद्यालयों, स्वच्छाग्रहियों, रेलवे, कारपोरेट इत्यादि ने जोरदार ढंग से भाग लिया। जन-समुदायों को प्रेरित करने के लिए, प्रधानमंत्री ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में भाग लेने और स्वच्छ भारत मिशन के प्रति वचनबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए उन्हें आमंत्रित करते हुए विभिन्न वर्ग के लोगों में से लगभग 2000 नागरिकों को व्यक्तिगत पत्र लिखे। पखवाड़े के दौरान तारीखवार चलाए गए प्रमुख कार्यकलाप निम्नलिखित हैं:

- **<u>15 सितम्बर</u>**
  - प्रधानमंत्री के संवाद और उनके श्रमदान के अलावा देशभर के स्कूली विद्धार्थियों ने भी भाग लिया। दो करोड़ से अधिक विद्धार्थियों ने प्रधानमंत्री

को व्यक्तिगत पत्र लिखे, 11.82 करोड़ विद्‌धार्थियों ने देश में स्वच्छता की शपथ ली। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ, श्री अमिताभ बच्चन और श्री रतन टाटा जैसी शख्सियतों, श्री सद्‌गुरू जग्गी वासुदेव, श्री श्री रविशंकर और माता अमृतानंदमयी ब्रह्माकुमारियों जैसी आध्यात्मिक लीडरों, अजमेर शरीफ दरगाह और पटना साहिब गुरूद्‌वारा के धार्मिक नेताओं, भारत तिब्बत सीमा पुलिस कार्मिकों और असम, केरल, तमिलनाडु, बिहार, कर्नाटक, राजस्थान और हरियाणा के नागरिकों सहित देशभर के अनगिनत लोगों के साथ बातें की।

- श्रमदान में भाग लेने वाले केन्द्रीय मंत्री निम्नलिखित थे:
  - केन्द्रीय मंत्री सुश्री उमा भारती ने रूद्रप्रयाग की सड़कों को साफ किया।
  - केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने फरीदाबाद में श्रमदान किया।
  - केन्द्रीय मंत्री - श्री धर्मेन्द्र प्रधान, श्री रविशंकर प्रसाद, श्री पीयुष गोयल, श्रीमती मेनका गांधी, श्रीमती स्मृति जुबिन ईरानी, श्री जेपी नड्डा, श्री राव इंदरजीत सिंह, डॉ. महेश शर्मा, श्री अनंत गाति, श्री प्रकाश जावड़ेकर, श्री नरेन्द्र सिंह तोमर तथा 40 अन्य केन्द्रीय मंत्रियों ने विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कार्यकलापों की अगुवाई की।

- **<u>16 सितम्बर</u>**
  - ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की स्थिति की मॉनीटरिंग करने के लिए और एक एक्शन प्लान तैयार करने पर बल देने के लिए गांवों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। जागृति उत्पन्न करने के लिए स्वयं सहायता समूहों को सामूहिक रूप से सक्रिय बनाया गया।
- **<u>17 सितम्बर</u>**
  - सेवा दिवस में राजनीतिक नेतृत्व और सरकारी कर्मचारियों की प्रतिबद्‌धता रही जिसमें मंत्रियों- केंद्र और राज्य मंत्रालयों, केंद्र और राज्य के सरकारी कर्मचारियों द्‌वारा कई स्वच्छता संबंधित गतिविधियों का नेतृत्व किया गया। 38 मंत्रियों ने 17 सितंबर को श्रमदान दिया और 5 मंत्रियों ने 18 सितंबर से 2 अक्तूबर तक श्रमदान दिया।
- **<u>22 सितंबर</u>**
  - इस अवसर पर ट्रेनों और स्टेशन प्लेटफार्मों पर कूड़ा फैलाने से रोकने के लिए भारतीय रेल से दूर यात्रा करने वाले यात्रियों हेतु स्वच्छता पर जन जागरूकता

अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान में भाग लेने के लिए रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ-साथ सभी रेलवे स्टेशनों, कॉलोनियों और आस-पास के क्षेत्रों में कार्यरत रेलवे कार्मिकों को प्रोत्साहित किया गया।

- **<u>25 सितंबर</u>**
    - अंत्योदय की भावना के साथ, सभी राज्यों और जिलों को यह निदेश दिया गया कि समाज के अति दुर्बल वर्गों को शामिल करके विशेष कवायद शुरू करें ताकि स्वच्छ भारत मिशन के तहत उन्हें बेहतर स्वच्छता उपलब्ध करायी जा सके। इस अवसर पर स्वच्छाग्रहियों के स्वच्छाग्रही, अर्थात् प्रत्येक स्वच्छाग्रही को अपने खुद के स्वच्छाग्रहियों की एक सेना तैयार करने का निदेश दिया तथा प्रत्येक टीम अपने गांवों की ओडीएफ स्थिति के आधार पर अपने गांवों में ओडीएफ और ओडीएफ+ गतिविधियों पर कार्य करेंगे।
    - 'स्वच्छता ही सेवा', 2018 का समापन 2 अक्तूबर, 2018 को किया गया। 20 करोड़ से अधिक लोगों ने इस वर्ष के "स्वच्छता ही सेवा" अभियान में भाग लिया।
    - "अंत्योदय दिवस" कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 40 लाख लोगों को एकजुट किया गया तथा इस अभियान के दौरान 44 हजार नए स्वच्छाग्रहियों को शामिल किया गया।

<u>ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर कार्यशाला</u>

गंगा किनारे बसे गांवों में तथा जनगणना किए गए शहरों में ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर दिनांक 5-6 सितंबर, 2018 को गंगटोक में एक परामर्शी कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्घाटन स्वच्छता प्रभारी मंत्री, सिक्किम सरकार द्वारा किया गया तथा स्वच्छता प्रभारी प्रधान सचिवों, मिशन निदेशकों (एसबीएम-जी) और राज्य परामर्शकों ने इसमें भाग लिया। इस कार्यशाला में जनगणना किए गए शहरों तथा गंगा किनारे बसे गांवों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के बेहतर क्रियान्वयन की आवश्यकता पर बल दिया गया।

दिनांक 28 सितंबर, 2018 को अंतर्राष्ट्रीय पेयजल एवं गुणवत्ता केन्द्र के बोर्ड ऑफ गवर्नरों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। अन्य विषयों के साथ-साथ इस बैठक की कार्यसूची में राष्ट्रीय पेयजल, स्वच्छता और गुणवत्ता केन्द्र संस्थान का नाम परिवर्तन भी

शामिल रहा तथा कार्यसूची की अन्य मद में नाबार्ड से ऋण लेने की सुविधा संबंधी प्रक्रिया रही।

15वें वित्त आयोग हेतु क्षेत्रक सिफारिशों को अंतिम रूप देने के लिए दिनांक 19 सितंबर, 2018 को एक बैठक भी आयोजित की गई।

विडियो कॉन्फ्रेंस और क्षेत्र दौरों के जरिए स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की गई। ये इस प्रकार हैं :

- 5 सितंबर, 2018 (गंगटोक, सिक्किम): ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर राष्ट्रीय कार्यशाला
- 16 सितंबर, 2018 (देहरादून, उत्तराखंड): पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री के साथ स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की समीक्षा।
- 21 सितंबर, 2018 (लखनऊ, उत्तर प्रदेश): मुख्य मंत्री के साथ उत्तर प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा
- 27 सितंबर, 2018 (रांची, झारखण्ड): भारत के माननीय उप राष्ट्रपति द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" का प्रारंभ।

****